कोल इण्डिया लि० के सहयोग से

दयानन्द ऐंग्लो वैदिक कॉलेज
प्रबन्धकृर्त समिति, नई दिल्ली द्वारा
संचालित शिक्षा संस्था

D.A.V. PUBLIC SCHOOL
Jhanjra Area, Jhanjra,
Dist-Burdwan (WB)
Pin-713385
Email: davpsecljnj@gmail.com
Mob. No. 7478119391
Landline- 03412670000

Ref. No. Davps/ecljnj/2024-25/.2032 Date: 19-04-2024

सेवा में,
मान्या प्रधान महोदया,
आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा,
पश्चिम बंगाल प्रक्षेत्र।

विषय : महात्मा हंसराज जन्मदिवस के संदर्भ में।

महोदया,
सादर नमस्ते ।

पत्रांक क्रमांक संख्या- डी.ए.वी.\दुर्गापुर\2024\16 के अनुसार डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, झांझरा क्षेत्र के तत्वावधान में 19/04/2024 को महात्मा हंसराज जन्मदिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान् प्रबुद्ध घोष जी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर महात्मा हंसराज जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं छात्र-छात्राएँ भी उनके चित्र पर पुष्पार्पण किए। इसके पश्चात् देवयज्ञ का भी आयोजन किया गया। इसमें मुख्य-यजमान के रूप में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान् प्रबुद्ध घोष जी शामिल हुए। साथ ही सप्तमी कक्षा के छात्र-छात्राएँ एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मन्त्रोच्चारण के साथ हवनाहूति भी दिए। विद्यालय के सप्तमी एवं अष्टमी कक्षा के छात्र-छात्राओं ने महात्मा हंसराज जी पर कुछ महत्वपूर्ण वार्तें व्यक्त की। हवनोपरांत प्रधानाध्यापक श्रीमान् प्रबुद्ध घोष जी सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु आशीर्वचन दिए । उन्होंने विद्यार्थियों को सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हुए श्रेष्ठ चरित्र के निर्माण का संदेश दिया। हवन में उपस्थित सभी के बीच प्रसाद वितरण किया गया। अंत मे शांतिपाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

साथ ही 19/04/2024 को षष्ठी से अष्टमी कक्षा के छात्र-छात्राओं ने 'चित्रकला प्रतियोगिता', 'आर्यसमाज नियम प्रतियोगिता' एवं 'शंखध्वनि प्रतियोगिता' में, उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया। इन कार्यक्रमों के कुछ चित्र भी मेल के साथ अनुलग्न किए गए हैं।

धन्यवाद।

भवदीय :

Prabuddha Ghosh

श्रीमान् प्रबुद्ध घोष
(प्रधानाचार्य)
डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल,
ई.सी.एल, झांझरा क्षेत्र।

Head Master
D.A.V. Public School
Jhanjra Area

MANAGED BY - DAV COLLEGE MANAGING COMMITTEE, CHITRA GUPTA ROAD, NEW DELHI – 110055
Phone: (011) 23515951, Fax: (011) 23632520, 23540558
Email: info@davcmc.net.in, website: www.davcmc.net.in